# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 25 February 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. जयपुर एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC), सीतापुरा में प्रिंटपैक 2026 का आयोजन कब किया जा रहा है?

(A) 20 से 22 फरवरी 2026

(B) 22 से 24 फरवरी 2026

(C) 21 से 23 फरवरी 2026

(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान में प्रिंटपैक 2026 का भव्य उद्घाटन जयपुर में हुआ है। यह प्रदर्शनी, जो पहली बार आयोजित की जा रही है, ने उद्योग में हलचल मचा दी है।

भारतीय मुद्रण पैकेजिंग एवं संबद्ध मशीनरी निर्माता संघ (IPAMA) द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 21 से 23 फरवरी 2026 तक जयपुर एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC), सीतापुरा में चल रहा है।

इस प्रदर्शनी में 145 कंपनियां भाग ले रही हैं, जो दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं।

ये कंपनियां प्रिंटिंग, पैकेजिंग, लेबलिंग, कोरुगेशन, डिजिटल प्रिंटिंग, स्क्रीन प्रिंटिंग और अन्य संबंधित तकनीकों में नवीनतम मशीनरी और उपकरण प्रदर्शित कर रही हैं।
2026 के बीच चलाया गया

## Yesterday Revision

01. आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित ने प्राइवेट बिल राजस्थान पारिवारिक सहमति (विवाह एवं सहजीवन विनियमन) विधेयक 2026 पेश करने के लिए विधानसभा को प्रस्तुत किया।

02. प्रदेश के किसी भी वित्त पोषित विश्वविद्यालय में अब कुलगुरु पदनाम के आगे 'माननीय' नहीं लिखा जाएगा

03.BRICS वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर्स की पहली बैठक, 6 मार्च को Jaipur में बैठक प्रस्तावित

04. जवाहर कला केंद्र में संस्कार भारती द्वारा आयोजित लोक कला संगम कार्यक्रम के समापन अवसर पर राजस्थान की प्राचीन लोक वाद्य परंपरा पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म 'रावण हत्था' के पोस्टर का विमोचन उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।.

05. सड़क दुर्घटना, प्रसूति, Heart Attack जैसी आपात स्थितियों में मरीजों को त्वरित उपचार मिल सके, इसके लिए RAJ-SURAKSHA (Rajasthan System for Urgent Response, Accident Stabilization and Hospital Access) योजना लागू किये जाने की की गई है

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**


(A) जयपुर के पुष्पेंद्र देवासी ने मिस्टर टीन यूनिवर्स इंडिया 2026' का खिताब अपने नाम किया है

(B) इससे पहले 2024 में 'मिस्टर ग्लैमर ऑफ तमिलनाडु' का खिताब भी अपने नाम कर चुके हैं।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

- जोधपुर के बिलाड़ा क्षेत्र के गांव बरना के 19 साल के पुष्पेंद्र देवासी ने मुंबई में हुए एक पेजेंट में 'मिस्टर टीन यूनिवर्स इंडिया 2026' का खिताब अपने नाम किया है
- इसमें देशभर से 170 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्री राउंड के बाद टॉप 15 सलेक्ट हुए और फाइनल राउंड में टॉप 6 पहुंचे। इसमें वे विनर बने।
- चेन्नई में बीबीए कर रहे पुष्पेंद्र इससे पहले 2024 में 'मिस्टर ग्लैमर ऑफ तमिलनाडु' का खिताब भी अपने नाम कर चुके हैं। और सितंबर में होने वाले ग्लोबल इवेंट में हिस्सा लेने की तैयारी कर रहे हैं।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकास योजना हेतु 275.68 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार

(2) सर्किट में चावंड, हल्दीघाटी, गोगुंदा, कुंभलगढ़, दिवेर और उदयपुर जैसे ऐतिहासिक स्थलों को शामिल किया गया है।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने 24 फरवरी को विधानसभा में जानकारी दी कि राज्य सरकार ने महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकास योजना की क्रियान्विति के लिए 275.68 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करवा ली है।
- इस डीपीआर को तीन फरवरी 2026 को राजस्थान धरोहर प्राधिकरण की अध्यक्षता में गठित समीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है
- परियोजना के क्रियान्वयन के लिए राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम एवं राजस्थान धरोहर प्राधिकरण को कार्यकारी एजेंसी नियुक्त किया गया है।
- सर्किट में चावंड, हल्दीघाटी, गोगुंदा, कुंभलगढ़, दिवेर और उदयपुर जैसे ऐतिहासिक स्थलों को शामिल किया गया है।

**03 हाल ही में राजस्थान में 'गांव ग्वाला योजना की शुरुआत किस जिले से की गई है?**

(A) कोटा

(B) जयपुर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में इन दिनों 'गांव ग्वाला योजना' चर्चा का विषय बनी हुई है. इस योजना का उद्देश्य गांवों में पारंपरिक गोचारण व्यवस्था को फिर से सक्रिय करना और गौसंरक्षण को बढ़ावा देना है.
- योजना की शुरुआत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कोटा जिले की रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र की चेचट तहसील के खेड़ली गांव से की. कार्यक्रम के दौरान 14 गांवों में एक-एक ग्वाला नियुक्त किया गया.
- योजना के तहत नियुक्त ग्वालों की जिम्मेदारी होगी कि वे गांव की गायों को सुबह सामूहिक रूप से गोचर भूमि तक चराने ले जाएं और शाम को सुरक्षित घरों तक वापस पहुंचाएं
- सरकार ने मानक तय किया है कि 70 गायों पर एक गांव ग्वाला नियुक्त किया जाएगा. यदि संख्या बढ़ती है तो दो या तीन ग्वाले भी लगाए जा सकते हैं. प्रत्येक ग्वाले को 10 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा.

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) खेतड़ी तहसील के त्यौंदा गांव में 11वीं-12वीं सदी के मध्यकालीन मंदिर के अवशेष मिले हैं,

(B) अवशेष यह संकेत देते हैं कि उस समय धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ काफी विकसित थीं।



**सही विकल्प चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान के झुंझुनू जिले के शेखावाटी क्षेत्र में पुरातत्व विभाग की खुदाई ने एक बड़ी ऐतिहासिक खोज का पता लगाया है।
- खेतड़ी तहसील के त्यौंदा गांव स्थित 'रीढ़ का टीला' पर चल रही खुदाई के दौरान 11वीं-12वीं सदी के मध्यकालीन मंदिर के अवशेष मिले हैं, जिससे इस क्षेत्र के प्राचीन इतिहास और संस्कृति की तस्वीर और स्पष्ट हुई है।
- खुदाई में पाए गए अवशेषों में पत्थरों से निर्मित फर्श के खंड, चौकोर आधार वाले पाषाण हिस्से और अर्धवृत्ताकार संरचना के अवशेष शामिल हैं।
- अवशेष यह संकेत देते हैं कि उस समय धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ काफी विकसित थीं।

05. हाल ही में 26वीं राष्ट्रीय बधिर अंडर-16 ब्लिट्ज शतरंज चैम्पियनशिप में राजस्थान की कविता जांगिड़ ने कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक

(B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- चर्चित खिलाड़ी :- कविता जांगिड़ (राजस्थान)
- खेल : शतरंज
- 26वीं राष्ट्रीय बधिर अंडर-16 ब्लिट्ज शतरंज चैम्पियनशिप, नागपुर में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता।

# Rajasthan Eco. Survey 2025-26 ----

## मिशन अमृत सरोवर

मिशन अमृत सरोवर का उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवर (तालाबों) का निर्माण/विकास करना है, जिसके लिए राज्य का लक्ष्य 2,475 है। प्रत्येक अमृत सरोवर में लगभग 10,000 क्यूबिक मीटर की जल धारण क्षमता के साथ न्यूनतम एक एकड (0.4 हैक्टर) का तालाब क्षेत्र होगा। वर्ष 2024–25 के दौरान, सभी जिलों में लक्ष्य के विरूद्ध 3,458 कार्य (लक्ष्य का 140 प्रतिशत) शुरू किए गए हैं एवं उनमें से 3,138 कार्य (लक्ष्य का 127 प्रतिशत) पूर्ण किए जा चुके हैं। अब अमृत सरोवर के दूसरे चरण की शुरुआत की जानी है, जिसके तहत अमृत सरोवर की पहचान का कार्य प्रगति पर है।

# Sujas QUIZ

जयपुर, शुक्रवार, 20 फरवरी, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-4

1. **सूक्ष्म** सिंचाई के क्षेत्र में वर्तमान में राजस्थान का कौनसा स्थान है?
   (A) पहला
   (B) दूसरा
   (C) तीसरा
   (D) चौथा

2. **डीजीसीआई** के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में राजस्थान से कितने करोड़ रुपये का निर्यात हुआ है?
   (A) 40,500 करोड़ रुपये
   (B) 50,900 करोड़ रुपये
   (C) 83,704 करोड़ रुपये
   (D) 97,171 करोड़ रुपये

3. **वर्ष** 2024-25 में राजस्थान का कुल निर्यात कितना रहा ?
   (A) 83,704 करोड़ रुपये
   (B) 50,900 करोड़ रुपये
   (C) 97,171 करोड़ रुपये
   (D) 1,10,000 करोड़ रुपये

4. **राजस्थान** की पांच प्रमुख निर्यातक वस्तुओं (इंजीनियरिंग, रत्न-आभूषण, धातु, वस्त्र, हस्तशिल्प) का राज्य के कुल निर्यात में कितना प्रतिशत हिस्सा है?
   (A) 50 प्रतिशत
   (B) 60 प्रतिशत
   (C) 67 प्रतिशत
   (D) 75 प्रतिशत

5. **वर्ष** 2024-25 में राजस्थान के किस सेक्टर से सर्वाधिक मूल्य का निर्यात किया गया?
   (A) रत्न एवं आभूषण
   (B) अभियांत्रिकी
   (C) वस्त्र
   (D) हस्तशिल्प

**Today, Quiz:**

**Q. BRICS वित्त मंत्रियों  और केंद्रीय बैंक गवर्नर्स की पहली बैठक, 6 मार्च को राजस्थान में कहां आयोजित होगी।**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine